आन्ध्र प्रदेश मुख्यतः कृषि प्रधान राज्य है और इसकी ८२.६० प्रतिशत आबादी कृषि सम्बन्धी कामकाजों से अपनी जीविका चलाती है । यह राज्य भारत के पूर्वी समुद्र तट पर है, इसकी आबादी करीब ३,१२,६०,१३३ है और इसका क्षेत्रफल १,०६,०४१ वर्गमील है । भारतीय संघ के बड़े राज्यों में यह एक है और प्रशासकीय सुविधा के लिये इसे बीस जिलों में विभाजित किया गया है । मुख्य रूप से कृषि प्रधान राज्य होने के कारण इसकी पशु सम्पदा खासी अच्छी है । सन् १९५६ की गणना के अनुसार इसकी गोपशु-संख्या करीब १,१२,७६,५४७ व ५९,६७,६३३ भैंसें हैं । पशुओं की मुख्य नस्ल आँगोल, पुंगानूर, हल्लीकर, देवनी, माल्लूर और स्थानीय नस्लें हैं, और किनिडी, डीआवल्ली, आयात किये गये मुर्रा आदि भैंसों की नस्लें हैं । इसकी पशु सम्पदा संपन्न होने पर भी राज्य के लिये आवश्यक दूध की मांग की पूर्ति नहीं हो रही है । प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दूध उपभोग केवल ५.५ औंस है और यह मात्रा बहुत ही कम है । भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद की पौष्टिक सलाहकार समिति ने सिफारिश की है कि एक वयस्क भारतीय के संतुलित आहार में कम से कम दस औंस दूध शामिल होना चाहिये । औसतन वार्षिक रूप से आबादी में १। से १।। प्रतिशत वृद्धि की तुलना में दुग्ध उत्पादन नहीं बढ़ रहा है । अगर आबादी इसी रफ्तार से बढ़ती जाय तो प्रति व्यक्ति दुग्ध उपभोग और भी कम हो जाने का डर है । फलस्वरूप यदि इस दशा को सुधारा न गया तो राष्ट्र के घटते स्वास्थ्य तथा खुराक पर और भी बुरा प्रभाव पड़ेगा ।

इस राज्य में आम तौर पर दुग्ध उत्पादन किसानों के लिये एक सहाय पेशा और सहाय आय का साधन है । ग्रामीण क्षेत्रों में उचित यातायात सुविधाओं तथा संगठित व्यापार की कमी के कारण किसान दुग्ध उत्पादन पर कम ध्यान देते हैं । इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादित दूध की लाभकारी निकासी न होने के कारण दुग्ध उत्पादन को महत्त्व नहीं दिया जाता है । इसके अतिरिक्त वर्ष के कष्ट-काल में किसानों के लिये लाभकारी सहाय पेशों की कमी के कारण उनकी आर्थिक परिस्थितियां और बिगड़ जाती हैं । इसलिये दूध का उत्पादन बढ़ाने तथा उत्पादकों को उचित लाभ देने के लिये व्यापार को सुधारना चाहिये, डेरी विकास कार्यक्रम की यह सर्वप्रथम महत्वपूर्ण आवश्यकता है । यदि उचित भाग तथा व्यापार का आश्वासन दिया जाय तो किसान दुग्ध उत्पादन के लिये आवश्यक सभी पहलुओं पर पूरा ध्यान दे सकता है । इस सिलसिले में अनुभव से यह सिद्ध हो गया है कि उत्पादकों को एक उचित वर्ग में संगठित करने का केवल सहकारी संगठन ही एक ऐसा सही संगठन है जो उत्पादन तथा वितरण के बढ़िया तरीकों को प्रशस्त कर सकता है । इन्हीं बातों को ध्यान में रख कर उत्पादकों को उचित लाभ दिलाने और सही मूल्य पर उपभोक्ता को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक दूध देने के लिये राज्य में सहकारी दुग्ध संभरण संगठनों का निर्माण किया गया है ।

दुग्ध सहकारी संगठनों की प्रगति

सन् १९५९ सितम्बर तक आन्ध्र प्रदेश में १५ दुग्ध वितरण संघ तथा २१६ दुग्ध वितरण समितियां, और तेलंगाना क्षेत्र में ११ समितियां काम कर रही थीं । दुग्ध वितरण संघों में करीब १,३०४ व्यक्ति सदस्य हैं और १४३ अनुबन्ध समितियां हैं तथा उनके पास ६३ हजार रुपये की पूंजी है । सहकारी दुग्ध समितियों में १७,४८५ सदस्य हैं और उनके पास २ लाख ७० हजार रुपये की पूंजी है ।

राज्य की सहकारी समितियों ने सदस्य उत्पादकों से १,४२,२३५ रु० मूल्य का दूध खरीदा और सन् १९५९ जून

में ही १,५८,०१६ रु० की बिक्री हुई। विशेषकर तेलंगाना क्षेत्र के सभी बड़े-छोटे कस्बों में सहकारी दुग्ध समितियों का विस्तार नहीं हुआ है। सन् १९४८ में संयुक्त मद्रास सरकार ने सभी छोटे-बड़े कस्बों में सहकारी दुग्ध समितियों का विस्तार करने और दूध का उत्पादन तथा वितरण बढ़ाने के उद्देश्य से "ग्रामीण दुग्ध वितरण" नाम से एक योजना का सूत्रपात किया था। सन् १९४८ अक्तूबर में ३ वर्ष के लिये तीन अवस्थाओं में यह योजना चालू की गई है। तीसरी अवस्था में आन्ध्र के ११ जिलों में इस योजना का विस्तार हुआ। इस योजना को सफलतापूर्वक चलाने के लिये हरेक जिले में आवश्यक विभागीय कर्मचारी भी रखे गये। संयुक्त मद्रास राज्य में आन्ध्र क्षेत्र के जिलों में इस योजना के शुरू होते समय आठ दुग्ध संघ, दस दुग्ध वितरण समितियां और ग्रामीण क्षेत्रों में ८६ प्रदायक समितियां थीं। वर्तमान उत्पादन की तुलना में उस समय का उत्पादन बहुत ही कम था। इसलिये सहकारिता के आधार पर राज्य सरकार द्वारा चालू की गई योजना से डेरी उद्योग को बहुत प्रोत्साहन मिलता है। दुग्ध वितरण समितियों का विस्तार तथा-संगठन करने के लिये एक क्रमबद्ध कार्यक्रम तैयार किया गया है और सहकारी विभाग ने इस दिशा में शक्तिशाली अभियान शुरू किया है।

प्रथम तथा द्वितीय पंचवर्षीय योजनाएं

पहली पंचवर्षीय योजना में सहकारी दुग्ध वितरण समितियों को पर्याप्त आर्थिक सहायता नहीं मिली फिर भी पहली योजना के पांचवें वर्ष में सरकार ने स्थानीय सहकारी दूध वितरण संघों के जरिये कर्नूल तथा गुन्टूर दो शहरों में विस्तार दुग्ध वितरण योजना का अमल किया है। इस योजना पर अमल के लिये प्रत्येक संघ को ९०,००० रुपये की आर्थिक सहायता भी दी गई है और एक सहकारी उप-रजिस्ट्रार, एक डेरी सहायक तथा एक वरिष्ट निरीक्षक की नियुक्ति की गई है। मकान, सामग्री तथा डेरी मशीनरी के अभाव के कारण पहली योजना के अन्त तक ये दो योजनाएं पूरी नहीं हो सकीं। इन योजनाओं के लिये स्वीकृत राशि अपर्याप्त सिद्ध हुई।

दूसरी योजना में सरकारी मदद के कारण सहकारी डेरी योजना ने प्रगति की। दूस ी योजना में सहकारी दुग्ध वितरण समितियों के विकास के लिये उन्नीस लाख रुपये दिये गये। इस राशि के अतिरिक्त कर्नूल तथा गुन्टूर दुग्ध वितरण संघों की पूर्ति के लिये क्रमशः ३३,४०० रु० तथा २७,५०० रु० की राशि का उपयोग किया गया। इन दोनों दुग्ध वितरण संघों ने एक बढ़िया डेरी भवन बनाया और ११०० गैलन आंशिक निर्जीवीकरण यंत्र के साथ दूसरे आवश्यक यंत्र भी लगाये। सन् १९५८-५९ में नेल्लूर सहकारी दुग्ध वितरण समितियों के जरिये विस्तार दुग्ध वितरण योजना नेल्लूर शहर में भी चालू की गई। स्थान तथा डेरी भवन के लिये १ लाख ३० हजार रुपये एकत्र किये गये। भवन-निर्माण कार्य शुरू करने के लिये प्रयत्न किये जा रहे हैं। यह काम खतम होते ही आवश्यक यंत्र मंगाये जायेंगे। सन् १९५९-६० में ५.२० लाख रुपये के खर्च से वारंगल तथा चित्तूर शहरों के लिये दो अधिक विस्तार दुग्ध वितरण योजनाएं विचाराधीन हैं। इन दो योजनाओं के अतिरिक्त इस वर्ष तथा अगले वर्ष भी डेरी उपकरण खरीदने के लिये प्रत्येक दुग्ध विवरण संघ को २०,००० रुपये तथा प्रत्येक दुग्ध वितरण समिति को २००० रुपये भी दिये जायेंगे।

सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता

उक्त आर्थिक सहायता से राज्य के डेरी उद्योग का भविष्य काफी उज्जवल हो गया है। तमाम ग्रामीण इलाकों से सभी शहरी क्षत्रों को सहकारी दुग्ध वितरण समितियों के जरिये दुग्ध वितरण कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। राज्य सरकार ने समितियों के सदस्य उत्पादकों को अच्छे दुधारू पशु खरीदने के लिये तीन प्रतिशत की उचित दर पर सन् १९५८-५९ में ३ लाख तथा सन् १९५९-६० में ६ लाख की अग्रिम आर्थिक सहायता दी है। इसके अलावा सहकारी दुग्ध वितरण समितियों को निम्न प्रकार की सहायता भी दी गई है।

(१) कुछ खास मामलों में सरकारी चिकित्सा संस्थाओं तथा जेलों को दूध देने के लिये आवश्यक टेण्डर डिपोजिट की अदायगी से सहकारी समितियों को छूट दी गई है।

(२) सरकार ने दुग्ध वितरण को प्रोत्साहन देने के लिये सहकारी समितियों को यह सुविधा दी है कि वे सरकारी चिकित्सा संस्थाओं तथा जेलों को दूध देने के लिये बाजार दर से पांच प्रतिशत अधिक तक टेण्डर दे सकें।

(शेष पष्ठ ३९ पर)

जहरी बुखार से पशु की रक्षा कीजिए

प्रयाग चन्द
पशुपालन विस्तार अधिकारी, सूरतगढ़

इस रोग को एन्थ्रेक्स, गड़ीसूत, बाबला आदि नामों से संबोधित करते हैं । आसामी भाषा में इसको टटुवा, गुजराती में कालीया ताव, मराठी में शुशया, उरिया में पिल्ही, सिंधी में कारोथा और दोमां आदि कहते हैं ।

यह एक अतीव खतरनाक रोग है जो कि "बेसीलस एन्थ्रेसीस" नामक कीटाणुओं के खून में प्रवेश होने के कारण होता है ।

यह रोग प्रत्येक प्रकार के पशुओं में पाया जाता है । अल्प आयु वाले पशुओं को यह अधिक सताता है । 'अल्जेरियन भेड़' के अतिरिक्त गाय, घोड़े, ऊंट आदि सब इस रोग के शिकार होते हैं, यहां तक कि मनुष्य मात्र भी । यह पहले ही बताया जा चुका है कि यह रोग 'बेसीलस एन्थ्रेसीस' कीटाणुओं से होता है, यह कीटाणु गढ़े की शक्ल के होते हैं और दोनों सिरे साफ कटे हुए होते हैं । इनकी लम्बाई पांच से सात माईक्रुम होती है ।

यह रोग खोनें, मक्खियों तथा अन्य काटने वाले जी ों के मध्य फैलता है । झूठी घास व चरागाह द्वारा इसका फैलाव बहुतायत से होता है ।

लक्षण :—असामायिक पशु मर जाते हैं । नाक से खून या हल्के चाकलेट रंग का पानी और टटे के रास्ते से काला-सा खून निकलता है । गुदा बाहर निकल आती है और उस पर गहन या लाल रंग के धब्बे मिलते हैं । इस रोग की दो किस्में हैं :—

(१) फ्लमीनेंट फार्म और

(२) एन्थ्रेक्स ज्वर

(१) फ्लमीनेंट फार्म :—श्वांस बहुत तेज चलता है और दम घुटने लगता है । श्लेषमक झिल्लियां नीली पड़ जाती हैं । पशु चिल्लाता है और चक्कर खाता है । नाकों से रक्त भी प्रवाहित होता है और किंचित् समय बाद मर जाता है ।

(२) एन्थ्रेक्स ज्वर :—इसमें चौबीस घंटे से दिवस तक लग जाते हैं, कुछ पशु बच जाते हैं और कुछ मर जाते हैं । तापक्रम १०७ डिग्री से १०९ डिग्री फारनहाइट तक हो जाता है । श्लेषमक झिल्लियां गहरे लाल रंग की हो जाती हैं । पशु बेचैन हो जाता है । नाड़ी तेज हो जाती है । उदर-दर्द के लक्षण प्रतीत होते हैं । पशु निश्चेष्ट हो जाता है और मर जाता है ।

बाह्य जहरी बुखार

यह पहले वाले से कुछ कम खतरनाक है । भारतवर्ष में यह रोग साधारणतया अश्वों में पाया जाता है । इस रोग का प्रकोप, जैसा कि इसके नाम से सम्बोधित होता है, शरीर के बाह्य हिस्से पर ही होता है, शरीर के बाहरी हिस्से पर सूजन आ जाती है । यह सूजन एकाएक पैदा होती है तथा अति शीघ्र बढ़ती है । आरम्भ में यह दर्ददायक होती है और गर्म भी । बाद में ठण्डी और नर्म हो जाती है ।

इस बात का सदैव स्मरण रखना चाहिए कि इस सूजन म लंगड़े बुखार की तरह 'घर-घर की आवाज' नहीं आती और न ही यह सूजन अपने पूर्ण यौवन पर आती है । इसमें ज्वर भी तेज नहीं होता ।

उपचार :—उपचार कीटाणुनाशक होना चाहिए । अनुभव बतलाता है कि कारबोलिक एसिड इसके लिए राम-बाण है । मनुष्यों के रोग में क्वीनीन, क्लोरोमाईसेटीन आदि औषधियां प्रयोग में लाते हैं । रोगी को फिनाईल पिलाना भी लाभप्रद है ।

कारबोलिक एसिड की खुराक :—एक ड्राम कारबोलिक एसिड में आधा औंस अलसी (लिंसिड) तेल के साथ दिन में २-३ बार देना चाहिए। अगर बाहर सूजन हो तो उसमें ५ से १० प्रतिशत कारबोलिक के घोल का सूचीभेद देना चाहिए। सबसे अच्छा इलाज "पेनसीलीन" द्वारा है लेकिन वह महंगा पड़ता है।

देख-रेख :—पशु को शीघ्र पचने वाला खाना, मुलायम हरी व सूखी घास देनी चाहिए। अलसी की चाय भी उपयोगी है। पीने के लिए खूब पानी देना चाहिए।

कुछ स्मरणीय बातें :—पशु को मक्खियों से बचाना चाहिए। रोगी पशु को स्वस्थ पशु से अलग रखना चाहिए। पशु के गोबर, गन्दा-मादा, पेशाब, बचे हुए घास आदि को जला देना चाहिए। मरी हुई जगह से मवेशी को हटाने से पूर्व मुंह, नाक, पाखाने का रास्ता बन्द कर देना चाहिए। पशु को भूल कर भी घसीटते हुए नहीं ले जाना चाहिए। और न ही पशु के शव से खाल निकालनी चाहिए। मृतक को भली भांति गाड़ अथवा दबा देना चाहिए। स्वस्थ पशुओं को रोगी के चरने या पानी पीने के स्थल पर नहीं जाने देना चाहिए।

शव परीक्षा निदान

(१) डामर की तरह खून जमता नहीं और उसमें चमक होती है।

(२) तिल्ली ठीक दशा से साधारणतया दुगनी या तिगुनी या इससे भी अधिक बढ़ जाती है। लेकिन जिस पशु की मृत्यु शीघ्र ही हो जाती है, उसमें तिल्ली बढ़ी हुई नहीं मिलेगी। सूजन में पीले जीलेटीन की नाई जमा हुआ पानी और रक्त के धब्बे मिलेंगे।

(३) श्लेषमक झिल्लियां गहरे लाल रंग की हो जाती है और इनमें भी खून के धब्बे मिलेंगे।

(४) मांस-पेशियां और तन्तु गहरे लाल रंग के मिलेंगे।

(५) लाश शीघ्र ही फूल जाती है और मरने के बाद शरीर अकड़ता नहीं तथा शीघ्र बदब देने लगता है।

(६) गुदा बाहर निकल आती है।

(७) नाकों से खून अथवा लाल रंग का पानी निकलता है।

आज के किसान से

शिवनारायण पाण्डेय
सहायक विकास अधिकारी (स० शि०)
कालसी–देहरादून

आज जीवन ज्योति में उल्लास भर दो।
तुम अगर चाहो तो काया-कल्प कर दो,
आज जीवन ज्योति में उल्लास भर दो॥

वत्स-गैया हैं सदा सहचर तुम्हारे,
इन बिना अस्तित्व क्या कृषि कर्म हारे,
शुद्ध गोबर लेप घर पावन बनाती,
स्वर्ग का आनन्द गो ही है सजाती।

बन्धुओं! यदि चाहते भारत उठाना,
शान्ति सुखप्रद दूध की नदियाँ बहाना,
पाल लो गो वंश बन गोपाल प्यारे,
कृष्ण की मधु बांसुरी के स्वर बजाना।

बहुमुखी उत्थान कर जय नाद भर दो।
आज जीवन ज्योति में उल्लास भर दो॥

गोपालन के कुछ सामान्य तथ्य

मधुकर भोसरेकर

पशु चिकित्सक, सवाई माधोपुर (राजस्थान)

भोजन में पौष्टिक पदार्थों का होना आवश्यक है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि गाय को भरपेट भोजन मिले। गाय को सूखा भोजन जो परिमाण को बढ़ाता है, शरीर के प्रति १०० पौंड वजन पर २-५ पौंड के हिसाब से देना चाहिए। दुधारू पशुओं को दिये जाने वाले आहार का रोचक होना भी आवश्यक है।

संतुलित आहार :—इसके अन्तर्गत दो किस्म के भोजन हैं।

(१) वह जो शरीर की प्राकृतिक क्रियायें चलाने के लिये आवश्यक है। जैसे हृदय का चलना, सांस का लेना, शक्ति का पैदा करना, आंतों का चलना इत्यादि।

(२) वह जो उत्पादन के लिये आवश्यक है। जैसे दूध देने वाली गाय के लिये दूध का भत्ता। दूध देने वाली गाय के लिये प्रति २८॥ पौंड दूध पर १ पौंड बांट देना चाहिए। बांट में नमक का मिलाना आवश्यक है। १००० पौंड वजन वाली गाय के लिये १ औंस नमक देना चाहिए।

गाभिन गाय का भोजन

गाभिन गाय के भोजन की ओर ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि आज का बछड़ा कल का बैल व आज की बछड़ी कल की गाय होती है। यदि हम गाभिन गाय की ओर ध्यान नहीं देंगे तो बछड़ा-बछड़ी कमजोर व रोग पीड़ित पैदा होंगे जैसे रिकेट्स, अंधापन इत्यादि। गाय प्रसवने से पहिले २ महीने या ६ हफ्ते बांट चालू करना चाहिये। बांट में गेहूं की चोकर व नमक आवश्यक हैं। गरमी करने वाला बांट नहीं देना चाहिये। बांट में कैलशियम, फासफोरस, जीवनसत्व 'डी' लोहा-तांबा, कोबाल्ट व मेगनेशियम जैसे सारों की आवश्यकता है। यह सब नीचे लिखी हुई चीजों से प्राप्त हो सकते हैं।

(१) अलसी की खल, चना, चूरी, मक्का, गेहूं की चोकर, आटे का दलिया, जौ का दलिया, ग्वार का दलिया, बाजरे का भूसा, मूंगफली की खल इत्यादि।

इन को उचित परिमाण में मिलाया जाता है। नमने के रूप में एक सूत्र दिया है।

मूंगफली की खल	२० प्रतिशत
कपास के बीज	"
मक्के की चूरी	"
अरहर की चूरी	१५ प्रतिशत
ग्वार की चूरी	"
बाजरे का भूसा	१० प्रतिशत

इस सूत्र से गाय को हर एक आवश्यक पौष्टिक पदार्थ मिल जाता है।

गाय फायदेमंद कब ?

जो गाय साल व साल बच्चे देगी वही गाय हमारे लिये फायदेमंद रहेगी। इसलिये हमें निम्न बातें याद रखना चाहिए।

सही समय पर गाय को गाभिन करवाना चाहिये। गाय को सही समय पर गाभिन न कराने व दूध देना बंद करने पर उसकी ओर ध्यान न देने से उसकी मुख्य दूध देने की आयु मारी जाती है व गाय प्रसवने के पश्चात् नुकसानदेह साबित होती है। गाय प्रसवने के पश्चात् दो हफ्ते से गरम होती है। गाय को प्रसवने के पश्चात् गाभिन करवाने का सही समय ६ हफ्ते या तीन महीने है जिससे गाय आपको साल के साल बछड़ा देगी व उसका सूखा अवकाश भी कम हो जायेगा। गाभिन गायों को कम से कम ६ हफ्ते से लेकर आठ हफ्ते तक सूखा अवकाश बिताना जरूरी है नहीं तो उसकी दूसरी ब्यात में दूध कम होगा और वह बछड़े के लिये आवश्यक पौष्टिक तथा अन्य सार इकट्ठा नहीं कर सकेगी।

सावधानी

गाभिन गाय को पृथक कमरे में जिसमें अच्छी तरह से घास बिछा हो बंद करना चाहिये। दूसरे जानवरों से अलग रखना चाहिये व जंगल में नहीं भेजना चाहिये।

बछड़ा होते ही गाय उसे चाटती है जिससे वह सांस लेता है व उसमें खून का दौर भी शुरू होता है। यदि गाय उसे नहीं चाटे तो उसे बोरी के टुकड़े से साफ करना चाहिये नाक, मुंह इत्यादि साफ करना चाहिये। थोड़ा-सा नमक भी बछड़े पर छिड़कना चाहिये जिससे गाय चाटने की कोशिश करे। नाल बछड़ा पैदा होते ही टूट जाती है। नाल के द्वारा बीमारी के जंतु बछड़े में जाते हैं। वे बहुत-सी बीमारी के कारण होते हैं। इसलिये नाल को जंतु-विनाशक दवाइयों से साफ करना चाहिये व टिंचर आयोडीन पेन्ट करना चाहिये।

बछड़े को गाय का पहला दूध अवश्य मिलना चाहिये। इससे बछड़े का मल साफ हो जाता है। बोली (कोलस्टम) बछड़े के पेट की सफाई करने के साथ-साथ उसे शरीर की प्रतिकार शक्तियां भी पहुंचाती है व बछड़ा जब तक ६ महीने का न हो बाहरी आक्रमणों से प्रतिकार करती है।

बछड़े को समय-समय पर खिलाना चाहिये। उसे ज्यादा खिलाना भी वैसे ही नुकसानदेह है, जैसे कम खिलाना। परन्तु ज्यादा खिलाने से कम खिलाना ही अच्छा है। १२ पौंड वाले बछड़े को १ पौंड दूध जरूरी है। बछड़े को चार महीने के पश्चात् दूध से निकाल कर बांट पर रखना चाहिये। उसको २ महीने से ही बांट खाना सिखाना चाहिये व ४ महीने से दूध को बिल्कुल बंद कर देना चाहिये। गाय प्रसवने के ३ दिन बाद से ही बछड़े को गाय से अलग रखना चाहिये। उसे दूध बाल्टी में पिलाना चाहिये।

बछड़ों को चरागाहों में नहीं भेजना चाहिये जब तक कि वे ६ महीने के न हों। यदि कोई बछड़ा बीमार हो जाय तो उसे जल्द से जल्द पृथक करना चाहिये, हो सकता है कि वह छूत की बीमारी से बीमार हो।

पशुशाला

पशु शालाएं बनाते समय निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

(१) पानी की सुविधाएं अच्छी हों।
(२) मोरियों का इन्तजाम अच्छा हो।
(३) जमीन नीचे-ऊपर न हो व बराबर-सी हो।
(४) गंदी हवा तथा गंदगी से दूर हो, साफ हवा में हो।

अति सर्दी तथा अति गर्मी से बचाने का पूरा इन्तजाम होना चाहिये। चारा खिलाने की नांद की सतह साफ व गोल होनी चाहिये। कम चौड़े दरवाजे नहीं होने चाहिए वे पेंच ढीले नहीं होने चाहियें।

गव्यशाला की दीवारें साफ-सफाईदार होनी चाहिये जिससे कि दूध भी साफ रहे। छतें भी अच्छी सफाईदार होनी चाहियें जिससे कि भीतर की हवा में मरजूबी न रहे। कच्ची दीवारें, वेंटीलेशन का न होना व खराब छतें, साफ दूध के उत्पादन में बाधा डालते हैं। गव्यशाला में ३ किस्म के भवनों की जरूरत है।

(१) गायों के लिये घर (लूज बाक्स तथा स्पेशल बाक्स समेत)।
(२) बछड़ों के लिये घर व मैदान।
(३) सांडों के लिये घर व मैदान।

इन मकानों का फर्श पक्का होना चाहिये जिससे उसमें पानी या मूत्र न ठहर सके। फर्श नालीदार होना चाहिये जिससे जानवर न फिसल सके। जानवर अक्सर गोबर से भर जाता है इसलिये गाय के पीछे एक ऐसी नाली बनानी चाहिये जिससे कि यदि गाय खड़ी होकर गोबर करे तो नाली में ही गिरे। वह नाली ६ इंच गहरी हो व जब गाय खड़ी रहती है उसके पिछले पैर के खुर के बराबर में हो जिससे गाय नीचे उतरने की कोशिश नहीं करेगी। नांद भी सीमेंट-कांक्रीट की होनी चाहिये। उसके निचले भाग में छेद हो जिससे उसकी सफाई में सुविधा हो। गव्यशाला का दरवाजा ५ फुट चौड़ा व ७ फुट ऊंचा होना चाहिये। एक गाय के लिये ३ फुट ६ इंच चौड़ाई व ४ फुट ६ इंच लम्बाई काफी है।

———

शुद्ध दूध—पूर्ण आहार

प्रयाग चन्द

पशु-पालन विस्तार अधिकारी, सूरतगढ़

सर्व खाद्य पदार्थों में दूध सर्वश्रेष्ठ है । इसे "पूर्ण भोजन" माना जाता है क्योंकि शरीर के लिए जो भी रासायनिक, भौतिक व पौष्टिक पदार्थ चाहिए वे सब दूध में विद्यमान हैं। दूध (गाय) निम्नांकित पदार्थों के योग से बना है :—

पानी	मिल्कसुगर	चर्बी	नमक	प्रोटीन
८७.२५	४.९	३.४	०.७५	३.४

एवं जीवनतत्व 'ए', 'बी', 'सी', 'डी' ।

दूध में रासायनिक पदार्थों का मेल :—

उद्जन १.००, ओषजन १५.९६, नभानन १४.०१, हरयाहरिन ३५.३७, प्लव १९.१०, कार्बन ११.९७, गंधक ३१.९८, स्फुट ३०.९६, प्रावण ११.००, शिलाज २८.००, पोटेशियम २४.०४, सोडियम २२.९०, रवट् ३९.९०, मैगनेशियम २३.९४, लोह ५५.९० और स्फाट २७.३० ।

शरीर के अन्दर दूध की प्रतिक्रिया क्षारात्मक होती है जो कि पोटास, क्लोराईड आदि अनेक क्षारों का योग है ।

डा० शुजल ने यह प्रमाणित किया कि दूध के पहले भाग में प्रतिघन इंच १३६०० कीटाणु होते हैं और पिछले भाग में नहीं । इसके साथ साथ यह भी नहीं भूलना चाहिए कि गाय के पहले दूध में घी कम और बाद के दूध में अधिक होता है ।

राष्ट्रसंघ की विशेषज्ञ सम्मतिदात्री समिति के शब्दों में केवल दूध ही ऐसा आहार है जो पूर्ण और सम्पन्न आहार के निकट पहुंचा है ।

उपरोक्त तथ्यों से पता चलता है कि दूध कितना उपयोगी है तथा अनेकानेक पदार्थों का सम्मिश्रण है । कुछ लोग तो दूध को सौन्दर्य की कुंजी कहने से भी नहीं हिचकते । प्रसन्नता है कि हमारी केन्द्रीय व राज्य सरकारें दुग्ध उत्पादन व नस्ल सुधार पर पूरा जोर दे रही हैं । राजस्थान में गो-पालकों को प्रोत्साहन देने हेतु 'निजी गो संवर्धन-शालाओं की स्थापना" व "गौवत्स सहायता" नामक योजनाएं प्रारम्भ की गई हैं । गोवत्स सहायता योजना के अन्तर्गत अच्छे नस्ल के गो नर बच्छा को, जो कि छः माह से २॥ वर्ष तक का होता है, १० रु० मासिक सहायता दी जाती है ।

अन्य क्षेत्रों में भी दूध का पूर्ण प्रयोग होता है । आयुर्वेदिक तथा प्राकृतिक चिकित्सा में तो इसका विशेष महत्त्व है । "दुग्ध-कल्प" चिकित्सा पद्धति से भला कौन परिचित नहीं ।

कुछ रोगों में दूध दवा के रूप में :—

(१) तिल, जीरा, शिलाजीत, सरसों, चरोंजी इन सबको दूध में पीसकर लगाने से अच्छा उबटन का काम देता है । इससे चर्म रोग दूर होते हैं और चेहरे की झाईं, मुंहासे दूर होकर कांति बढ़ती है ।

(२) गाय के दूध से बनाए हुए दही में पानी मिलाकर पिलान से भंग का नशा दूर होता है ।

(३) गाय के घी में सेंधा नमक मिलाकर गर्म कर और गुन-गुना कर डंक पर लगाने से आराम होता है ।

(४) दूध में मिश्री डालकर पीने से वीर्य बढ़ता है ।

गत्यं दुग्धं विशेषण मधुरं रसपाकयोः ।
शीतलं स्तन्यकृत् स्निग्ध वात पित्ता स्तनाशन् ॥

दूध निकालने का उचित तरीका

यदि आप दूध निकालने का ठीक तरीका अपनायें तो आप अपने पशुओं से अधिक दूध प्राप्त कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

बहुत से पशु-पालक समझते हैं कि पशुओं को अच्छा भोजन खिलाना ही काफी है। अच्छे भोजन के साथ-साथ उनकी ठीक देखभाल और ठीक ढंग से दूध निकालना भी बहुत जरूरी है।

दूध दुहनेवाले - के नाखून बड़े नहीं होने चाहिये। नाखून बड़े होने से सफाई नहीं रहती और गाय के थनों में चोट लगने का भी डर रहता है। दूध निकालना शुरू करने से पहले उसे अपने हाथ अच्छी तरह साफ कर लेने चाहिए।

दूध निकालने का स्थान साफ होना चाहिए और यदि संभव हो तो उसे धो लेना चाहिए। दूध निकालने से एकदम पहले पशुओं को सूखा भूसा या चारा नहीं खिलाना चाहिए।

दूध निकालने से पहले पशु की पूंछ, पुट्ठे और पिछले पैर आदि अच्छी तरह साफ कर लेने चाहिए। फिर थन और अयन को भी धोकर किसी सूखे कपड़े से सुखा लेना चाहिए।

दूध निकालने के बरतन अच्छी तरह से साफ होने चाहिए। खुले मुँह का बरतन दूध निकालने के लिए अच्छा नहीं रहता, क्योंकि उन बरतनों में गंदगी और कूड़ा आदि जाने का अधिक डर रहता है। दूध निकालने वाले बरतन को पहले गरम पानी में कपड़े धोनेवाला सोडा मिलाकर अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। फिर उसे गरम पानी में धोइए।

दूध को तेजी से निकालना चाहिए। अयन की हल्की सी मालिश करने से दूध अच्छी तरह से निकलता है।

दूध निकालते समय थनों को खींचना नहीं चाहिए। दूध निकालने में पूरा हाथ इस्तेमाल कीजिए। पहले अयनवाले भाग को दबाइए। फिर पूरा हाथ दबाकर दूध निकालिए। इस तरीके से थनों पर दबाब सब तरफ से बराबर पड़ता है।

दूध निकालने म अंगूठा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आम तौर पर दूध निकालने वाली हथेली के बीच में अंगूठा मोड़कर दूध निकालते हैं। यह गलत तरीका है। इस तरीके से थनों पर दबाव एक-सा नहीं पड़ता और इसके कारण पशुओं को चोट लग सकती है। झटका देकर भी दूध नहीं दुहना चाहिए।

जब अयन में थोड़ा ही दूध रह जाए, तब आप अंगूठा और अंगुली दबाकर ही दूध निकाल सकते हैं।

अंगूठे और अंगलियों को बहुत धीरे-धीरे ऊपर से नीचे की ओर लाना चाहिए।

दूध निकालते समय थनों को कभी गीला नहीं करना चाहिए। गाय-भैंसों को होने वाले अधिक रोग उनके थनों को गीला करके दूध निकालने से ही होते हैं। यह केवल गलत तरीका ही नहीं है बल्कि जाड़ों में तो ऐसा करने से पशुओं के थन पक भी जाते हैं।

प्रत्येक थन में से दूध की शुरू की कुछ धारों को एक अलग बरतन में निकालना चाहिए, क्योंकि उनमें जीवाणु सबसे अधिक संख्या में होते हैं।

दूध रोज एक ही समय पर निकालना चाहिए। दूध निकालने के समय में जल्दी परिवर्तन नहीं करना चाहिए और न ही दूध निकालनेवाले को जल्दी जल्दी बदलें।

यदि आप इन बातों को ध्यान में रखें तो अवश्य ही अधिक दूध प्राप्त कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

—'ग्राम समाचार' से उद्धत

२५०० वर्ष पूर्व

भारत में पशु पालन व्यवस्था

वीरेन्द्र दत्त मुद्गल

नेशनल डेरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, करनाल (पंजाब)

कृषि के साथ-साथ पशुपालन भी काफी अर्से से भारतीय ग्राम्य जीवन का अंग रहा है। हालांकि लिखित प्रमाण काफी पहले के नहीं मिलते फिर भी पुरानी सभ्यता के चिन्ह अब भी यह बताते हैं कि पशु-पालन व्यवस्था प्राचीन काल में भी ऊंचे स्तर पर थी। पशुपालन के पुराने अभिलेख मैसोपोटामियां, भारत तथा मिश्र में पाये गये हैं। भारत में वेदों (५०००-३००० ई० पू०), पुराणों (२०००-१००० ई० पू०) तथा अर्थशास्त्र (३००-२०० ई० पू०) में पशु-पालन-व्यवस्था के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है। वेदों में ऋगवेद में घी के हवन सामग्री में उपयोग करने का उल्लेख है। कामधेनु गाय के बारे में भी काफी लेख मिलते हैं। वेदों में जगह जगह इसका उल्लेख आता है। शिलालेखों तथा शिला चित्रकारी में नन्दी साँड के खुदे हुए चित्र शिव मंदिरों में मिलते हैं। चाणक्य के अर्थ शास्त्र के पूर्व के लेखों में गाय की पूजा, दूध, घी आदि का वर्णन तो मिलता है परन्तु पालन-पोषण की व्यवस्था के बारे में वर्णन नहीं मिलता।

गायों का निरीक्षण तथा पालन-पोषण आदि का प्रबन्ध करने वाले प्रधान कर्मचारी को "गो-अध्यक्ष" कहा जाता था। इसी कर्मचारी का यह कार्य होता था कि राज्य की पशु-पालन व्यवस्था का ठीक प्रकार से पालन करे।

बढ़ी, दूध देने वाली गाभिन, पठोरी, वत्सतरी, इन गायों को भी पालने की व्यवस्था ऊपर लिखी रीति से की जाती थी। परन्तु इसके बदले पशु-पालक को प्रति वर्ष आठ वारक घी (घी तौलने का एक नाप) देता था। गायों की रक्षा के इस उपाय को "कर प्रति" कहा जाता था।

बीमार अंग विकल (कानी, बूची, लंगड़ी आदि), अनन्य दोही (अन्य किसी से न दुही जाने वाली), दुर्दोह और पुत्रघ्नी, ऐसी गायों को पालने की व्यवस्था अलग से की जाती थी। इन गायों की हैसियत के अनुसार पूर्वोक्त घी आदि का आधा हिस्सा अथवा तिहाई हिस्सा जितना भी उचित हो, उतना ही राजकीय अंश अपने अध्यक्ष को देना पड़ता था। गाय आदि की रक्षा के इस उपाय का नाम "भग्नोष्टक" कहा जाता था।

शत्रुओं के छल करने तथा जंगली पशुओं के अपहरण के भय से जो गोपालक अपनी गायों को सरकारी बाड़ों में प्रतिष्ट करते थे, इन प्रतिष्ट हुई गायों के पालन के अनुसार ही गोपालक को दसवां हिस्सा राजा को देना पड़ता था। इससे गोपालक अपनी गायों को बाहरी डर के कारण सरकारी चरागाह में भी रखते थे और उन गायों की आमदनी का दसवां हिस्सा राजा को कर के रूप में दिया जाता था। गाय आदि की रक्षा के इस उपाय को "भागानुप्रतिष्टक" के नाम से पुकारा जाता था।

पशुओं में नम्बर डालने की व्यवस्था

प्राचीन काल में पशुओं के निशान दाग दिये जाते थे, जिससे उनकी पहचान हो सके।

वत्सा वत्सतरा दम्या वहिनोवृषा उक्षाणश्च पुङ्गवाः, युग वाहन शकटवहा वृषभाः सूरा महिषाः पृष्ठस्कन्धवाहिनश्च महिषाः वत्सिका वत्सतरी गर्भिणी धेनुश्चाप्रजाता वन्ध्याश्च

गावो महिष्यश्च, मासद्विमास जातास्तासामुपजा वत्सा वत्सिकाश्च, मासद्विमासजाता रङ्कयेत् ॥ मास द्विमास पर्यषितमङ्कयेत् ॥ अंक चिन्ह वर्ण शृङ्गान्तरं च लक्षणमेवमुपजा निवध्नयेदिति व्रजपर्यग्रम् ॥

बछड़ा, बड़ा बछड़ा, दम्य (जो कृषि आदि में काम सीखने योग्य हो) बोझ ढोने वाले सांड़ (बियार) और हल आदि चलाने के काम में पके हुए, इन छः प्रकार के बैलों का वर्गीकरण किया जाता था। भैंसों का वर्गीकरण, जुआ, हल तथा गाड़ी आदि में चलाने वाले, सांड़, अपनी पीठ पर तथा कंधे पर बोझ ढोने वाले इन वर्गों में किया जाता था। गायों तथा भैंसों का वर्गीकरण सात वर्गों में किया जाता था। बछड़ी, वत्सतरी (बड़ी बछड़ी), पठोरी, ग्याभन, दूध देने वाली, अधेड़ उम्र की और बांझ। महीने या दो महीने के लवारों को ही, तपे हुए लोहे आदि के छल्ले से दाग दिया जाता था। जो गायें सरकारी चरागाह में महीना दो महीना तक रहती थीं, चाहे उनके मालिकों को पता लगे या न लगे, उनको भी गो अध्यक्ष दगवा देते थे। स्वाभाविक स्वास्तिक आदि का चिन्ह; छल्ले आदि के दागने का बनावटी चिन्ह, रंग और सींगों की विशेषता इस प्रकार बछड़े बछियों के इन विशेष चिन्हों को गो अध्यक्ष अपनी पुस्तक में लिख लेते थे। आज के समय में हम अभिलेख रखते हैं उसी प्रकार प्राचीन काल में बछड़े बछियां पैदा होने के बाद दो माह तक सब बच्चों का पूरा विवरण सरकारी पुस्तकों में लिख दिया जाता था। इस व्यवस्था को "व्रजपर्यग्र" कहा जाता था।

पशुओं को सताने के लिए दण्ड

जो ग्वाला या तो स्वयं गाय को मारता था या किसी से मरवाता था अथवा स्वयं हरण करता था या किसी से हरण करवाता था, उसे प्राण दण्ड दिया जाता था। जो गाय सरकारी न होती थी उन पर यदि कोई कर्मचारी सरकारी चिन्ह लगा कर उसका रूप बदल देता था तो उसे विशेष दण्ड दिया जाता था।

जो पशु मर जाते थे, उनका विश्वास दिलाने के लिये गोपालक को, गो अध्यक्ष के पास लाकर गाय और भैंस का पहिले दागा हुआ चमड़ा दिखाना पड़ता था। इसी प्रकार बकरी और भेड़ों के चिन्हित कान लाकर दिखाने पड़ते थे। मरे हुए पशु के बाल, चमड़ा, वस्ति, स्नायु, दाँत, खुर, सींग और हड्डी, इन सब चीजों का संग्रह करने का आदेश दिया जाता था।

दूध दूहने के नियम

वर्षा (सावन-भादों), शरत् (क्वार, कार्तिक) और हेमन्त (अगहन-पौष) ऋतु में गाय और भैंसों के सायं प्रातः दोनों समय दुहने का नियम था। तथा शिशिर (माघ, फागुन), बसन्त (चैत-बैशाख) और ग्रीष्म (जेठ-असाढ़) ऋतु में केवल एक समय रात्रि में ही दुहने का नियम था। इन ऋतुओं में जो पुरुष गाय आदि को दोनों समय दुहता था उसका अँगूठा काट दिया जाता था। इस नियम के बारे में लेखकों के भिन्न मत हैं, किन्हीं का विचार है कि यह नियम किसी विशेष प्रदेश में ही लागू होता था। जो पुरुष गाय आदि के दुहने के समय उन्हें नहीं दुहते थे तो उन्हें उस दिन का वेतन नहीं दिया जाता था।

गाय के दूध में घी की मात्रा

क्षीरद्रोणे गवां घृतप्रस्थः ।
पंचभागाधिको महिषीणाम ॥

एक द्रोण परिमाण गाय के दूध में से एक प्रस्थ घी निकालने का लेख मिलता है। भैंस के दूध में से इससे पांचवां हिस्सा अधिक निकलता था। वस्तुतः दही को मथ कर घी निकालने पर ही घी के ठीक परिमाण का निश्चय होता था। क्योंकि विशेष-विशेष भूमियों में गाय आदि को खास तरह की घास या पानी खिलाने-पिलाने से दूध और घी की वृद्धि हो जाती है।

भोजन

चन्द्रगुप्त मौर्य काल में पशुओं के भोजन के भी नियम बने हुए थे।

बलीवर्दानां नस्याश्व भद्रगतिवाहिनां यव सस्यार्धभारस्तृणस्य द्विगुणं तुला घाणपिण्याकस्य दशाढकं कणकुण्डकस्य पंचपलिकं मुखलवणं तैलकुडुबो नस्यं प्रस्थः पानं मास तुला दघ्नश्चाढकं यबद्रोणं माषाणां वा पुलाकः क्षीर-

द्रोणभधीटकं बा सुरायाः स्नेहप्रस्थः क्षरदशफलं शृंगिवेर पलं च प्रतिपानम् ॥

बैलों को जो नथे हुए होते थे, और जो अच्छे घोड़ों के के समान रथ आदि में चलने वाले होते थे, उनको आधा भार (दस तुला) हरी घास आदि का, साधारण घास या भुस आदि इससे दुगना अर्थात् बीस तुला, सानी, चोकर या अन्न से युक्त भुस आदिक दस आढक, पाँच पल नमक, तेल का एक कुडुब नाक में औषधि रूप में, तथा पीने के लिये एक प्रस्थ, इतना सामान आहार के लिये दिये जाने का नियम था। एक आढक दही का, एक द्रोण जौ का अथवा इसकी जगह उड़द, इन सब चीजों को मिला कर अधपका बनाकर दिया जाने का लेख है। यदि बैलों की पाचन शक्ति खराब हो जाती थी तो उन्हें दूध एक द्रोण, दूध के अभाव में आधा आढक सुरा, तेल अथवा घी का एक प्रस्थ, गुड़ दश पल, और सोंठ एक पल, इन चारों चीजों को मिलाकर दिया जाता था।

इन सब चीजों में से चौथाई हिस्सा कम करके जितनी खुराक बनती थी वह खच्चर तथा बड़े गधों को दी जाती थी। भैंसों की खूराक ऊपर बताई गई बैलों की खुराक से दुगनी दी जाती थी। काम करने वाले बैलों तथा दूध देने वाली गायों की खुराक के सम्बन्ध में बैलों के कार्य करने का समय और गायों के दूध आदि के उत्पादन को ज्ञात कर उसके अनुसार ही खुराक नियत की जाती थी। सभी पशुओं को घास तथा जल आदि, इच्छानुसार जिसमें उनकी तृप्ति. सके, दिए जाते थे।

साँड़ों की संख्या पशुओं की संख्या के मुताबिक रहती थी। गधे और घोड़ों के सौ के झुण्ड में पाँच साँड़, भेड़ तथा बकरियों के सौ के झुण्ड में दस साँड़ बकरे या मेढ़े; गाय-भैंस के सौ के झुण्ड में चार-चार साँड़ छोड़े जाते थे।

ऊपर लिखे विवरण से यह आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि आज से २५०० वर्ष पू ँ भारत में पशुपालन व्यवस्था उच्च कोटि की थी।

(पृष्ठ ३० का शेष)

(३) राज्य सरकार सहकारी समितियों को डेरी के लिये आवश्यक यंत्र जैसे कूलर, क्रीम सेप्रेटर, डिब्बे आदि के खरीदने के लिये आर्थिक सहायता दे रही है।

(४) सहकारी दुग्ध वितरण समितियां सरकारी सुरक्षित जंगलों से मुफ्त घास ले जा सकती हैं।

(५) सहकारी समितियां सरकारी जेलों तथा प्रमाणित स्कूल के क्षेत्र में दुग्ध दोहने के लिये दुधारू पशुओं को ले जाये बिना भी मुहर बन्द बोतलों में दूध दे सकती हैं।

(६) कुछ दुग्ध वितरण संघों को अपने व्यापार के विकास करने के लिये विभागीय अधिकारियों की निःशुल्क सहायता दी जा रही है।

(७) सहकारी समितियों को नगरपालिका के पशु चिकित्सक की भी मदद दी जा रही है।

कुछ बाधायें

उक्त सहायता के बावजद भी सहकारी समितियों के विकास में कई अड़चनें और भी मौजद हैं :—

(१) गैर सरकारी क्षेत्र उपभोक्ताओं को कम दाम पर अशुद्ध दूध देते हैं। इसलिये सहकारी समितियों के स्वच्छ दूध के लिये उपभोक्ता को अधिक दाम देना पड़ता है।

(२) जन सहयोग का अभाव है और सरकारी संस्थाएं तथा गैर सरकारी क्षेत्र के लोग सहकारी समितियों द्वारा उत्पादित दूध कम खरीदते हैं।

(३) निजी दूध वितरक चूर्ण तथा पानी मिलाकर दूध में मिलावट करते हैं। फिलहाल खाद्य तथा मिलावट कानून सरकारी क्षेत्रों को रोकने में असमर्थ हैं।

(४) दूध व्यापार के लिये लाइसेंस पद्धति अपनाना चाहिये।

कई बाधाओं के बाद भी कई सहकारी दुग्ध योजनाएं सफलतापूर्वक चलायी गईं और प्रति व्यक्ति उपभोग बढ़ाने का हर सम्भव प्रयत्न किया जा रहा है। तीसरी योजना में सहकारी दुग्ध योजनाओं के अमल के लिये डेढ़ करोड़ रुपये की रकम रखने का विचार है। डेरी उद्योग में रुचि रखने वाले सभी लोगों की यह हार्दिक इच्छाएं हैं कि दुग्ध व्यापार सहकारी समितियों के ही जरिये हो तथा उत्पादक और उपभोक्ता दोनों का ही भला हो। वह समय निकट ही है जब कि हमारा निर्धारित लक्ष्य पूरा होगा।

गोसंवर्धन

(अंग्रेजी-हिन्दी सचित्र मासिक)

गोसंवर्धन में गोसंवर्धन तथा तत्संबन्धित विषयों जैसे प्रजनन-प्रणाली, पशुआहार, उन्नत गोवंश, डेरी तथा पशुपालन प्रणाली, चारे की फसलें तथा उसकी खेती, पशु-चारा तथा उसका उत्कृष्टतर उपयोग, अतिरिक्त घास तथा पशुचारे का संरक्षण, चरागाहों का सुधार, दूध तथा उसका उपयोग, डेरी-उद्योग का विकास, मवेशियों के रोग, रोगों पर नियन्त्रण तथा उनका उपचार, दूध का सहकारिता के आधार पर विक्रय, गोशालाओं तथा पिंजरापोलों का विकास, मुख्य ग्राम योजना, पशु-प्रदर्शनी, दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता, पशु-हाट, आदि पर लेख रहते हैं।

गोसंवर्धन किसानों, पशुपालकों, गव्यशाला के कार्य-कर्त्ताओं, पशु-चिकित्सकों, मुख्य ग्राम अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, विस्तार कार्य-कर्त्ताओं, गौशालाओं तथा पिंजरापोलों के संचालकों तथा कृषि, पशु-चिकित्सा एवं डेरी के छात्रों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करता है। उपर्युक्त विषयों पर मौलिक लेख, प्राविधिक नोट, वैयक्तिक अनुभव, पशु प्रदर्शनी तथा पशु-मेले प्रतियोगिता, गोसंवर्धन-समारोह, गो-सम्मेलन आदि के संक्षिप्त विवरण सहायक सम्पादक, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद, १६–ए आसफ़ अली रोड, नई दिल्ली के पते पर भेजने चाहिए। लेख हिन्दी या अंग्रेज़ी दोनों में से किसी एक भाषा में हो सकता है। लेख साफ़ कागज़ पर एक तरफ़ टाइप किया गया हो। दो पंक्तियों के बीच का व्यवधान दुगना हो। हो सके तो लेख के साथ तत्सम्बन्धित चित्र भी हों।

गोसंवर्धन में निम्नलिखित विषयों के विज्ञापनों को भी स्थान दिया जाता है—कृषि एवं गव्यशाला सम्बन्धी यन्त्र, पशु चिकित्सा से सम्बन्धित उपकरण, बागवानी के काम में आने वाले औजार, खाद एवं उर्वरक, पशु-चारा, पेटेण्ट तैयार की गई वस्तुएं, प्रयोगशाला के उपकरण, रासायनिक एवं भैषज्य-सम्बन्धी उत्पादन, कीटाणुनाशक एवं छूत रोग निरोधक औषधियां, सिंचाई के यन्त्र तथा उपकरण, कुट्टी काटने का यन्त्र, घास की गांठें बनाने का यन्त्र, बाड़ के काम आने वाली वस्तुएं, बीज तथा पौधे, पशु-प्रदर्शनियां तथा मेले, गोशाला, कृषि एवं प्रजनन केन्द्रों के उपकरण, मवेशियों का क्रय-विक्रय, गव्यशाला में तैयार की गई वस्तुएं, प्रशिक्षण-पाठयक्रम, कृषि-सम्बन्धित पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं, पशु-चिकित्सा तथा तत्सम्बन्धित अन्य विषय आदि।

चन्दा

वार्षिक	रु. ९.००,
एक प्रति	७५ नये पैसे

नोट : गोसंवर्धन का वार्षिक चन्दा ९ रुपये है। बैंक द्वारा भेजते समय इस चन्दे में बैंक चार्जेज़ शामिल करना अनिवार्य है। इसी तरह मनीआर्डर द्वारा पूरे ९ रुपया आना चाहिए। मनीआर्डर कमीशन ग्राहक को देना होगा

विज्ञापन की दर, एजेन्सी की शर्तें आदि के बारे में पूछताछ निम्नलिखित पते पर करें––

सेक्रेटरी,

केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद,

१६–ए आसफ़अली रोड,

नई दिल्ली।

(Statement about ownership and other particulars about newspaper 'GOSAMVARDHANA' to be published in the first issue every year after the last day of February)

FORM IV

(See Rule 8)

1.	Place of Publication	: New Delhi
2.	Periodicity of its Publication	: Monthly
3.	Printer's Name Nationality Address	: H.J. Makhijani Indian Secretary, Central Council of Gosamvardhana, 16-A, Asaf Ali Road, New Delhi.
4.	Publisher's Name Nationality Address	: H.J. Makhijani Indian Secretary, Central Council of Gosamvardhana, 16-A, Asaf Ali Road, New Delhi.
5.	Editor's Name Nationality Address	: H.J. Makhijani Indian Secretary, Central Council of Gosamvardhana, 16-A, Asaf Ali Road, New Delhi.
6.	Name and addresses of the individuals who own the newspaper and partners or shareholders holding more than one per cent of the total capital	: Central Council of Gosamvardhana, 16-A, Asaf Ali Road, New Delhi.

I, H.J. Makhijani, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

H.J. Makhijani

Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY.**

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs.,
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 23—5551

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.